Padma Bhushan



Dr. Ashok Seth

Dr. Ashok Seth is the Chairman and Chief Cardiologist of Fortis Escorts Heart Institute and Chairman of Cardiology Council of Fortis Group of Hospitals. Dr. Seth has contributed extensively to the growth, development and scientific progress of Cardiology in Asia Pacific Region.

2. Born on October 25, 1954, Dr. Seth completed his MBBS from Aligarh Muslim University in 1978 following which he went abroad. He was trained in Internal Medicine and Cardiology in the UK at the University of Birmingham and returned to India in 1988 to be a part of the core team to start the Escorts Heart Institute. He was a key pillar in setting up new standards of heart care in India and a landmark institute in the world. In 2004, he also set up the Max Heart and Vascular Institute, New Delhi.

3. Dr. Seth has pioneered numerous angioplasty techniques in India and Asia Pacific Region like Directional Atherectomy, Angioscopy, Stents, Thrombectomy devices, Drug Eluting Stents, Impella heart support device for failing heart, Bioabsorbable Stents and Transcatheter Aortic Valve Implantation (TAVI). His expertise, skills and his pioneering efforts in teaching and training other cardiologists in angioplasty have won him respect and accolades all across the world and created a unique respect for India on the Interventional Cardiology world map.

4. Dr. Seth has trained more than 350 cardiologists from India and abroad directly and thousands of cardiologists indirectly in the advanced techniques of angioplasty. He has been invited across the world to more than 500 meetings including USA, Canada, Europeand Australia to demonstrate and teach complex angioplasty techniques.

5. Dr. Seth is presently the Vice President of Asia Pacific Society of Cardiology and the Past President of Cardiological Society of India. He is also the Founder Governor / Board Member of prestigious international bodies like Asia Pacific Society of Cardiology, SAARC Cardiac Society, Society of Cardiac Angiography and Intervention (USA), American College of Cardiology (ACC) India Advisory Board, India Live, TCT (USA) Scientific Sessions etc. Dr Seth is also on Editorial Board of prestigious scientific journals and has more than 250 publications to his credit. He has been honoured by Doctorate of Science by Banaras Hindu University, Jamia Millia Islamia University, Amity University and Teerthankar Mahavir University. He is a visiting professor to many universities in India and abroad.

6. Dr. Seth has been honoured by numerous awards in India and abroad including Padma Shri in 2003, "Cross insignia officer Order of Isabella the Catholic" by the Republic of Spain in 2010 and "Mason Sones Award" by the Society of Cardiac Angiography and Intervention (USA) in 2010. He was honoured by 'Life Time Achievement Award' by India Health & Wellness Awards 2014. He has also received many other Lifetime Achievement & Excellence Awards from prominent, State, National Societies and National Academic Forums.



डॉ. अशोक सेठ

डॉ. अशोक सेठ फोर्टिस एस्कार्टस हृदय संस्थान के अध्यक्ष और मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ तथा फोर्टिस-अस्पताल-समूह की हृदय रोग विज्ञान परिषद के अध्यक्ष हैं। आपने एशिया प्रशांत क्षेत्र में हृदय रोग विज्ञान की वृद्धि, विकास और वैज्ञानिक प्रगति में बड़े पैमाने पर योगदान किया है।

2. आपका जन्म 25 अक्तूबर, 1954 को हुआ। आपने वर्ष 1978 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से अपनी एम बी बी एस की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद आप विदेश चले गए। आपने ब्रिटेन स्थित बर्मिंघम विश्वविद्यालय में इंटरनल मेडिसिन और हृदय रोग विज्ञान में प्रशिक्षण लिया और एस्कार्ट हृदय संस्थान का शुभारंभ करने हेतु इसकी केन्द्रीय टीम का एक हिस्सा होने के नाते वर्ष 1988 में आप भारत वापस आ गए। भारत में हृदय की देखभाल करने के नए मानकों और विश्व में एक ऐतिहासिक संस्थान की स्थापना करने में आप एक प्रमुख स्तम्भ रहे हैं। वर्ष 2004 में आपने मैक्स हृदय एवं संवहनी संस्थान, नई दिल्ली की भी स्थापना की थी।

3. आपने भारत तथा एशिया प्रशांत क्षेत्र में डाइरेक्शनल ऐथेरेक्टोमी, एन्जियोस्कोपी, स्टेन्ट्स, थ्रोम्बेक्टोमी उपकरण, ड्रग एल्यूटिंग स्टेन्ट्स, हृदय के काम न करने की स्थिति में इम्पेला हृदय सहायक उपकरण, बायो-अब्जार्बेबल स्टेन्ट्स तथा ट्रांसकैथेटर एयोर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (टी ए वी ऑय) जैसी कई एक एंजियोप्लास्टी की तकनीकों में पथप्रदर्शक की भूमिका निभायी। आपने अपनी विशेषज्ञता, कौशलों और एंजियोप्लास्टी में अन्य हृदय रोग विशेषज्ञों के अध्यापन और प्रशिक्षण में अग्रणी प्रयासों से विश्वभर में सम्मान और प्रशंसा अर्जित की और इन्टरवेंशनल कार्डियोलोजी के विश्व-पटल पर भारत को अद्भुत सम्मान दिलाया।

4. आपने एंजियोप्लास्टी की उन्नत तकनीकों में भारत तथा विदेश के 350 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञों को प्रत्यक्ष रुप से तथा हजारों हृदय रोग विशेषज्ञों को अप्रत्यक्ष रुप से प्रशिक्षित किया है। आपको यू एस ए, कनाडा, यूरोप तथा आस्ट्रेलिया सहित विश्वभर में 500 से भी अधिक सभाओं में जटिल एंजियोप्लास्टी तकनीकों के प्रदर्शन और अध्यापन हेतु आमंत्रित किया गया है।

5. वर्तमान में आप हृदय रोग विज्ञान की एशिया पैसिफिक सोसायटी के उपाध्यक्ष हैं और भारत की कार्डियोलोजिकल सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। आप एशिया पैसिफिक सोसायटी ऑव कार्डियोलोजी, सार्क कार्डिएक सोसायटी, सोसायटी ऑव कार्डिएक एंजियोग्राफी एंड इंटरवेंशन (यू एस ए), अमेरिकन कॉलेज ऑव कार्डियोलोजी (ए सी सी), इंडिया एडवाइजरी बोर्ड, इंडिया लाइव, टी सी टी (यू एस ए) सांइटिफिक सेशंस आदि जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय निकायों के संस्थापक गवर्नर/बोर्ड सदस्य भी हैं। आप प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं के सम्पादकीय बोर्ड में भी हैं तथा आपको 250 से भी अधिक प्रकाशनों का श्रेय प्राप्त है। आपको बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय तथा तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान के डॉक्टर की मानद उपाधि से विभूषित किया गया है। आप भारत तथा विदेश के कई एक विश्वविद्यालयों के अतिथि प्रोफेसर हैं।

6. आपको वर्ष 2003 में पद्म श्री, वर्ष 2010 में स्पेन गणतंत्र द्वारा "क्रॉस इंसाइनिया ऑफिसर आर्डर ऑव इसाबेला द कैथोलिक" और वर्ष 2010 में ही कार्डियक एंजियोग्राफी एंड इंटरवेंशन (यू एस ए) सोसायटी द्वारा "मेसन सोन्स अवार्ड" सहित भारत तथा विदेशों में अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। आपको इंडिया हेल्थ एंड वेलनेस अवार्ड्स, 2014 द्वारा "लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है। आपको प्रख्यात, प्रांतीय, राष्ट्रीय सोसायटियों तथा राष्ट्रीय अकादमीय मंचों की ओर से कई एक अन्य लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार तथा विशिष्ट पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।